खास-खबरें

सूने मकान का ताला तोड़कर 20 हजार चुराए

भोपाल : कमलानगर थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 382/26 में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। फरियादी मुन्नालाल विश्वकर्मा (62) निवासी नवगृह मंदिर के पास ने शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात आरोपी उनके सूने मकान का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, चूल्हा, पंखा, मूर्ति व 20 हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गया। आरोपी अज्ञात है।

हीरो बाइक चोरी

टीटीनगर थाना में अपराध क्रमांक 693/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया। फरियादी निरंजन बाथम ने बताया कि शास्त्री नगर से उनकी हीरो बाइक (एमपी04 डब्ल्यूबी-0244) चोरी हो गई। घटना में आरोपी अज्ञात है। पुलिस वाहन चोरों की तलाश कर रही है।

बाइक चोरी

कोहेफिजा थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 564/26 में धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। फरियादी खुमान साहू ने शिकायत की कि जैन मंदिर के सामने मनुभावन टेकरी से उनकी हीरो बाइक (एमपी04 क्यूएस-6115) चोरी हो गई। आरोपी अज्ञात है।

मोटरसाइकिल चोरी

कजलीखेड़ा थाना में अपराध क्रमांक 327/26 धारा 303(2) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया। फरियादी अरुण मंडेवाल ने बताया कि ग्राम सेमरीकला से उनकी हीरो बाइक (एमपी04 वाययू-3553) चोरी हो गई। बाइक की कीमत करीब 50 हजार रुपये है। आरोपी अज्ञात है।

बोलेरो की टक्कर से महिला घायल

चूनाभट्टी थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 273/26 में धारा 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। फरियादी नेहा राज (38) ने शिकायत की कि बोलेरो (एमपी04 जेडएल-4728) के चालक ने तेज व लापरवाही से वाहन चलाकर उन्हें टक्कर मार दी। आरोपी बोलेरो चालक है।

जुआ खेलते पांच आरोपी गिरफ्तार

बजरिया थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 223/26 में धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की। पुलिस ने गब्बर मालवीय, नीलेश मेहरा, राहुल पाल, कविंद्र सराठे और संदीप को ताश पर दांव लगाते गिरफ्तार किया। आरोपियों से 1220 रुपये नकद और ताश के पत्ते जब्त किए गए। फरियादी शासन है।

देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

गोविंदपुरा थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 685/26 में धारा 34(1) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। फरियादी शासन है। आरोपी अक्षय टाक (28) के कब्जे से 35 क्वार्टर देशी शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 2600 रुपये बताई गई है।

क्रेडिट कार्ड से 1.20 लाख की साइबर ठगी

टीटीनगर थाना पुलिस ने अपराध क्रमांक 694/26 में धारा 318(4), 319(2), 308(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। फरियादी एकांश अग्रवाल (25) ने शिकायत की कि अज्ञात आरोपी ने फोन कर उनके क्रेडिट कार्ड से 1.20 लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस जांच कर रही है।

पैसों के विवाद में मारपीट, प्रकरण दर्ज

शाहजहांनाबाद थाना में अपराध क्रमांक 474/26 धारा 296(ए), 115(2) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया। फरियादी संतोष सोनी ने आरोप लगाया कि मुस्तकीन कुरैशी ने पैसों के विवाद को लेकर गाली-गलौज और मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चार लोगों की गुमशुदगी दर्ज

कजलीखेड़ा और छोलामंदिर थाना क्षेत्रों में लीना बाई, लीना पथौलिया, निकिता चौहान तथा रीना प्रजापति की गुमशुदगी दर्ज की गई है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुम इंसान कायम कर तलाश शुरू कर दी है। इन मामलों में कोई आरोपी नामजद नहीं है।

नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

पुराने शहर के छोला मंदिर थाना क्षेत्र में बीती देर रात एक नवविवाहिता ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रीत नगर में रहने वाली 23 वर्षीय रानी ठाकुर की शादी करीब चार साल पहले हुई थी।

प्रदेश में अब तक सामान्य से 15 प्रतिशत कम वर्षा

42 जिलों में औसत से कम बारिश, अगले दो दिन भारी बरसात की संभावना नहीं

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : प्रदेश में मानसून की रफ्तार अब तक अपेक्षा के अनुरूप नहीं रही है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अब तक औसतन 15.8 इंच अर्थात 401.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जबकि इस अवधि तक 18.5 इंच अर्थात 470.5 मिलीमीटर वर्षा हो जानी चाहिए थी। इस प्रकार प्रदेश में अब तक सामान्य से लगभग 15 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है। प्रदेश के 42 जिलों में सामान्य से कम वर्षा हुई है। इनमें भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर, सागर, रायसेन, विदिशा, नर्मदापुरम, धार, ग्वालियर, मुरैना, मंदसौर, नीमच, रतलाम, शाजापुर, शिवपुरी, श्योपुर, बैतूल, झाबुआ, दतिया, आगर-मालवा, अशोकनगर, कटनी, मंडला, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, दमोह, पन्ना, सिवनी, छिंदवाड़ा, मैहर, पांढुर्णा, नरसिंहपुर, निवाड़ी, डिंडौरी, अनूपपुर, बालाघाट, आलीराजपुर, हरदा और गुना शामिल हैं। दूसरी ओर, 13 जिलों में सामान्य से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। इनमें इंदौर, देवास, सीहोर, राजगढ़, खरगोन, खंडवा, बड़वानी, बुरहानपुर, भिंड, टीकमगढ़, शहडोल, उमरिया और मऊगंज शामिल हैं।

सोमवार को भोपाल में कुछ समय के लिए हल्की वर्षा हुई, जबकि इंदौर सहित कई जिलों में बादल छाए रहे और कहीं-कहीं बूंदाबांदी दर्ज की गई। रविवार को केवल सीहोर जिले में अपेक्षाकृत अच्छी वर्षा रिकॉर्ड की गई, जबकि अन्य स्थानों पर हल्की वर्षा होने से कुल वर्षा के आंकड़ों में विशेष सुधार नहीं हो सका। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मानसून द्रोणिका सक्रिय है और दो अन्य मौसम प्रणालियां भी प्रभावी हैं, लेकिन उनकी तीव्रता कम होने के कारण अगले दो दिनों तक कहीं भी भारी वर्षा की संभावना नहीं है। इस दौरान अधिकांश क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा का दौर जारी रह सकता है। चार अगस्त से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है, जिसके प्रभाव से पांच अगस्त से प्रदेश के पूर्वी और उत्तरी हिस्सों में भारी वर्षा का दौर शुरू हो सकता है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान मौसम सोयाबीन की फसल के लिए अनुकूल है। हालांकि खंडवा, खरगोन और बड़वानी क्षेत्रों में अधिक वर्षा से कुछ स्थानों पर खेतों में जलभराव की स्थिति बनी है, जबकि धान उत्पादक क्षेत्रों में अभी पर्याप्त वर्षा का इंतजार है।

आज शहर के 20 क्षेत्रों में रहेगी बिजली कटौती

गेहूंखेड़ा, हर्षवर्धन नगर, बैरागढ़ चिचली और दानिश हिल्स व्यू सहित कई क्षेत्रों में रहेगा असर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : राजधानी के लगभग 20 क्षेत्रों में मंगलवार को विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रखरखाव कार्य किए जाने के कारण दो से आठ घंटे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। बिजली कंपनी ने नागरिकों से आवश्यक कार्य पहले ही पूरा कर लेने की अपील की है, ताकि असुविधा से बचा जा सके। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक गौतम नगर, ई-7 सेक्टर, नूपुर कुंज, अमरावतखुर्द, गिरनार कॉलोनी, गिरनार हिल्स तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक बैरागढ़ चिचली, मीनाखेड़ी, अमराई, गेहूंखेड़ा और आसपास के इलाकों में बिजली नहीं रहेगी। इसी प्रकार सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक पंपापुर, हर्षवर्धन नगर तथा आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक रामेश्वरम एक्सटेंशन, हाउसिंग बोर्ड क्वार्टर, गायत्री विहार, पार्थ सारथी परिसर और आसपास के इलाकों में बिजली बंद रहेगी। वहीं, सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक दानिश हिल्स व्यू टाउनशिप, दानिश हिल्स व्यू-3 तथा आसपास के क्षेत्रों में भी बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। बिजली कंपनी ने बताया कि निर्धारित समय के दौरान लाइन और अन्य विद्युत उपकरणों का रखरखाव किया जाएगा, जिससे भविष्य में निर्बाध और सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

कंपनी ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

सावन में श्री महापूर्ण महादेव धाम पर 22 दिवसीय पार्थिव शिवलिंग महायज्ञ शुरू

पहले दिन श्रद्धालुओं ने बनाए 4 हजार से अधिक पार्थिव शिवलिंग, 24 अगस्त तक 1.21 लाख शिवलिंग निर्माण का लक्ष्य

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : सावन मास के पावन अवसर पर श्री महापूर्ण महादेव धाम मंदिर, शिव रॉयल पार्क फेस-2, सलेया में सोमवार से 22 दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। यह धार्मिक आयोजन 3 अगस्त से 24 अगस्त 2026 तक चलेगा। पहले दिन श्रद्धालुओं ने 4 हजार से अधिक पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया, जिनका वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक एवं पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद शिवलिंगों का विधिवत विसर्जन कलियासोत डैम में किया गया। आयोजन के दौरान कुल 1,21,111 पार्थिव शिवलिंगों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 8:30 बजे तक शिवलिंग निर्माण तथा 8:30 से 9:30 बजे तक भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया जाएगा। यह अनुष्ठान पंडित नितेश शर्मा और पंडित दमोदर शर्मा के सान्निध्य में वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया जा रहा है। आयोजन के संयोजक एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश संयोजक प्रताप सिंह यादव ने बताया कि यह आयोजन लगातार छठे वर्ष आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान शिव की आराधना करने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक का विशेष धार्मिक महत्व है तथा इससे भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

एम्प्लाइज यूनियन का कार्यालय सील

मान्यता समाप्त होने के बावजूद कार्यालय के उपयोग पर कार्रवाई, एक करोड़ रुपये से अधिक बकाया किराए की वसूली की प्रक्रिया भी शुरू

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : पश्चिम मध्य रेलवे प्रशासन ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए भोपाल स्थित वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्प्लाइज यूनियन के कार्यालय को सील कर दिया है। रेलवे के अनुसार वर्ष 2014 में यूनियन की मान्यता समाप्त होने के बावजूद वह पिछले 12 वर्षों से कार्यालय का उपयोग कर रही थी। अब प्रशासन ने कार्यालय को अपने कब्जे में लेने के साथ ही एक करोड़ रुपये से अधिक के कथित बकाया किराए की वसूली की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, दिसंबर 2014 में हुए मान्यता चुनाव में हार के बाद यूनियन की आधिकारिक मान्यता समाप्त हो गई थी। इसके बावजूद कार्यालय का संचालन जारी रहा। इस दौरान पश्चिम मध्य रेल कर्मचारी परिषद और वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ लगातार यह मांग करते रहे कि मान्यता समाप्त होने के बाद यूनियन को दी गई सभी सुविधाएं वापस ली जाएं।

रेल प्रशासन ने चरणबद्ध तरीके से पहले यूनियन को मिली सीयूजी सिम, कार्ड पास और स्पेशल कैजुअल लीव जैसी सुविधाएं वापस लीं। इसके बाद 1 अगस्त को यूनियन के कार्यालय को भी सील कर दिया गया। पश्चिम मध्य रेल कर्मचारी परिषद का दावा है कि यूनियन पर कार्यालय के किराए के रूप में एक करोड़ रुपये से अधिक की बकाया राशि है। परिषद ने प्रशासन से मांग की है कि यह राशि संबंधित पदाधिकारियों के वेतन से किस्तों में वसूली जाए। साथ ही सेवानिवृत्त होने वाले पदाधिकारियों के अंतिम भुगतान (सेटलमेंट) से भी बकाया राशि समायोजित की जाए।

रेलवे प्रशासन की इस कार्रवाई को सरकारी संपत्तियों के उपयोग और मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के नियमों के पालन को लेकर सख्ती के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। यदि बकाया राशि की पुष्टि होती है, तो उसकी वसूली के लिए आगे वित्तीय और कानूनी प्रक्रिया भी अपनाई जा सकती है।

शहर के आज कई इलाकों में जल आपूर्ति प्रभावित

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : नगर निगम भोपाल के जलकार्य विभाग द्वारा करबला पंप हाउस की 800 मिमी रॉ-वॉटर पाइपलाइन में लीकेज सुधार तथा मनुआभान टेकरी जलशोधन संयंत्र में आवश्यक संधारण कार्य के लिए मंगलवार को सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक शटडाउन लिया जाएगा। इसके कारण संबंधित क्षेत्रों में दोपहर और शाम की जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। जलप्रदाय से प्रभावित क्षेत्रों में ब्लूमून कॉलोनी, नवाब कॉलोनी, प्रेम नगर, सुंदर नगर, प्रीत नगर, शिवशक्ति नगर, शिव नगर फेज-1, 2 एवं 3, कल्याण नगर, प्रताप नगर, चंदन नगर, रासला खेड़ी, बिहारी कॉलोनी, पटेल नगर, भानपुर रोड, हाउसिंग बोर्ड करोंद, देवकी नगर, कमल नगर, कृषक नगर, रिंग गार्डन, बृज कॉलोनी, पूजा कॉलोनी, शिवानी होम्स, नवजीवन कॉलोनी, छोला मंदिर, सत्यज्ञान नगर, शंकर नगर, उड़िया बस्ती, टिम्बर मार्केट, नगर निगम कॉलोनी और चांदबाड़ी सहित आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। नगर निगम ने प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि वे आवश्यकतानुसार पहले से पानी का संग्रह कर लें।

कानपुर-मदुरई स्पेशल ट्रेन के 4 अतिरिक्त फेरे

भोपाल : त्योहारों के दौरान बढ़ती यात्री भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कानपुर सेंट्रल-मदुरई स्पेशल ट्रेन के अतिरिक्त फेरे चलाने का निर्णय लिया है। इससे उत्तर और दक्षिण भारत के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी। यह स्पेशल ट्रेन भोपाल मंडल से होकर गुजरेगी, जिससे मध्य प्रदेश के यात्रियों को भी इसका लाभ मिलेगा। कानपुर सेंट्रल-मदुरई स्पेशल 5 अगस्त से 26 अगस्त तक प्रत्येक बुधवार कुल चार अतिरिक्त फेरे लगाएगी। ट्रेन कानपुर सेंट्रल से सुबह 8:10 बजे रवाना होगी। मदुरई-कानपुर सेंट्रल स्पेशल 8 अगस्त से 29 अगस्त तक प्रत्येक शनिवार कुल चार फेरे संचालित करेगी।

'राग-रंग' में गूंजे सदाबहार फिल्मी गीत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : रविंद्र भवन के गोरांजनी सभागार में गत दिवस अजीत म्यूजिक एकेडमी की ओर से आयोजित 'राग-रंग' कार्यक्रम में हिंदी फिल्म संगीत के सुनहरे दौर की मधुर यादें ताजा हो गईं। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के विद्यार्थियों ने अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत आकर्षक संगीत प्रस्तुतियों के साथ हुई। एकेडमी के विद्यार्थियों ने पुराने लोकप्रिय गीतों को अपनी आवाज में प्रस्तुत कर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं। युवा गायक शिवम गीते ने 'यकीन कर लो मुझे मोहब्बत... ' गीत की प्रभावशाली प्रस्तुति देकर दर्शकों की सराहना हासिल की। इसके बाद अक्षिका चौहान और शिवम गीते ने सदाबहार डुएट गीत 'जाने जा ढूंढ़ता फिर रहा... ' प्रस्तुत किया। दोनों कलाकारों की जुगलबंदी और सुरों के तालमेल ने सभागार में मौजूद श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में एकेडमी के अन्य विद्यार्थियों ने भी अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ फिल्म संगीत की समृद्ध विरासत से नई पीढ़ी को जोड़ना रहा।

राजधानी के राजा भोज विमानतल पर अत्याधुनिक अग्निशमन केंद्र शुरू

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : राजा भोज विमानतल पर सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए अत्याधुनिक अग्निशमन केंद्र शुरू कर दिया गया है। इसके संचालन से अब विमान दुर्घटना अथवा आग लगने जैसी आपात स्थिति में अग्निशमन दल अधिकतम दो मिनट में रनवे के किसी भी छोर तक पहुंच सकेगा। नया अग्निशमन केंद्र रनवे के मध्य में बनाया गया है, जिससे बड़े विमानों से जुड़ी आपात परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकेगा। विमानतल निदेशक आलोक त्रिपाठी ने बताया कि केंद्र को श्रेणी-7 तक उन्नत किया गया है तथा आवश्यकता पड़ने पर इसे श्रेणी-9 तक विकसित किया जा सकेगा। केंद्र पर आधुनिक अग्निशमन वाहन, उच्च दबाव फोम प्रणाली, शुष्क रासायनिक चूर्ण, श्वसन सुरक्षा उपकरण और बचाव उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। यहां 24 घंटे प्रशिक्षित अग्निशमन कर्मियों की तैनाती रहेगी।

विद्युत बसों की सुरक्षा बढ़ाने की नई पहल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : राजधानी में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और आधुनिक बनाने के लिए नगर निगम तथा भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड ने विद्युत बस चालकों को सिम्युलेटर आधारित प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है। इसके लिए बैरागढ़ डिपो में सिम्युलेटर स्थापित किया जा रहा है, जहां प्रदेशभर के नगर निगमों में संचालित विद्युत बसों के चालकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में यह सुविधा शुरू करने वाला भोपाल पहला नगर निगम होगा। आधुनिक प्रशिक्षण व्यवस्था से चालकों की दक्षता बढ़ेगी और सड़क दुर्घटनाओं में लगभग 40 प्रतिशत तक कमी आने की संभावना है। प्रशिक्षण के दौरान नए चालकों को वास्तविक सड़क पर उतारने से पहले शहर के प्रमुख मार्गों का त्रि-आयामी आभासी अनुभव कराया जाएगा।

कार्यालय नगर पालिक निगम,(यांत्रिकी विभाग) भोपाल
निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 29/ यां.वि./2026 **भोपाल, दिनांक 3/8/2026**

निम्न कार्य हेतु म.प्र लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

क्रमांक	निविदा क्रमांक	कार्य का संक्षिप्त विवरण	अनुमानित लागत (रू. में)	निविदा क्रय करने का अंतिम दिनाक	समय
1	2026_UAD_ 526628_1	CONST.OF CHHATH KUND AT SWARSWATI PARISAR BARKHERA W-56 Z-14	8,15,127/-	18-Aug-2026	05:30 PM

नोट- संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगे ।

सू. क्र. 548/026/027 **कार्यपालन यंत्री (सिविल) नगर निगम भोपाल**

कार्यालय, जेल अधीक्षक, जिला जेल सीहोर

Tel. & Fa& 07562-299029 Email id- jsdjseh@mp.gov.in

क्रमांक/निविदा/04/2026 **सीहोर, दिनांक 30/07/2026**

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना
वर्ष 2026-2027 (चतुर्थ आमंत्रण)

जेल मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र क्रमांक 13631/निर्वाह शाखा/2026/भोपाल, दिनांक 29.07.2026 के द्वारा अमान्य की गई सामग्रियों की म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एवं म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत जिला जेल सीहोर में परिरूद्ध बंदियों हेतु वर्ष 2026-2027 में लगने वाली भोजन सामग्री एवं सब्जी के क्रय हेतु निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति (online system) के माध्यम से आमंत्रित की गई है। समस्त जानकारी बेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

1.	प्री-बीड मिटिंग की तिथि	दिनांक 05.08.2026 दोपहर 12:00 बजे	कार्यालय जेल अधीक्षक, जिला जेल सीहोर पर नियत समय पर होगी।
2.	निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि	दिनांक 13.08.2026 शाम 06:00 बजे तक	बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in
3.	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	दिनांक 13.08.2026 शाम 06:00 बजे तक	बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन प्रस्तुत की जायेगी।
4.	नमूने जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक 13.08.2026 शाम 06:00 बजे तक	कार्यालय जेल अधीक्षक, जिला जेल सीहोर पर जमा करें।
5.	नमूना गुणवत्ता परीक्षण तिथि	दिनांक 14.08.2026 दोपहर 12:00 बजे	कार्यालय जेल अधीक्षक, जिला जेल सीहोर में किया जायेगा
6.	तकनीकी निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 17.08.2026 दोपहर 12:00 बजे	कार्यालय जेल अधीक्षक,जिला जेल सीहोर में तकनीकी निविदा खोलने की कार्यवाही की जायेगी।
7.	वित्तीय निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 19.08.2026 दोपहर 12:00 बजे	कार्यालय जेल अधीक्षक, जिला जेल सीहोर पर वित्तीय निविदा खोलने की कार्यवाही की जायेगी।

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (online system) क्रेडिट कार्ड या ऑन लाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते है। निविदा एवं उससे संबंधित समस्त जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाईट पर देखे। निविदा संबंधी समस्त कार्यवाही जेल अधीक्षक, जिला जेल सीहोर द्वारा की जावेगी। निविदा के संबंध में किया जाने वाला कोई भी संशोधन संबंधित वेबसाईट पर किया जायेगा। जिसका प्रकाशन पृथक से समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा।

जी-16627/26 **जेल अधीक्षक**
जिला जेल सीहोर

समीक्षा हर शुक्रवार अधिकारियों का क्षेत्रीय भ्रमण और जनसंवाद अनिवार्य...

भोपाल में शुरू हुआ डीएम प्रगति पोर्टल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: जिले की महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की प्रभावी निगरानी के लिए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने डीएम प्रगति पोर्टल शुरू करने की घोषणा की है। समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में उन्होंने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से मेट्रो, एमएसएमई सहित केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाएगी। सभी विभागों को पोर्टल पर अपनी प्रगति रिपोर्ट समय-समय पर अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं। 9 से 17 अगस्त तक चलने वाले अभियान के तहत जिले में तिरंगा रैली सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जिला पंचायत और शहरी क्षेत्रों के लिए नगर निगम को नोडल एजेंसी बनाया गया है। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-2026 के तहत प्रत्येक शुक्रवार अधिकारियों का क्षेत्रीय भ्रमण और जनसंवाद अनिवार्य किया है। अधिकारी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पहुंचकर नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान करेंगे तथा भ्रमण प्रतिवेदन, फोटो और कार्रवाई रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय को सौंपेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी, राजस्व प्रकरण, किसान आईडी, आयुष्मान भारत कार्ड, समग्र ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना और जल जीवन मिशन सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए गए।